# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42
## बाल दिवस समारोह 2025

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और बाल दिवस के महत्त्व व पंडित जवाहर लाल नेहरू के आदर्शों पर संक्षिप्त परिचय से हुई । कार्यक्रम का आकर्षण प्री प्राइमरी के नन्हे बच्चों का रंग–बिरंगा रैम्प वॉक और मनमोहक नृत्य था, जिसे सभी ने तालियों से सराहा । प्री प्राइमरी के विद्यार्थी द्वारा एक प्रेरणादायक भाषण दिया गया । इसके बाद कक्षा आठवीं और नवीं के नृत्य क्लब के सदस्यों ने ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति दी ।

शिक्षकों ने भी बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए – कवितामय पहेलियाँ, स्टाइल परेड, संगीत प्रस्तुति, नृत्य आदि अनेक रोचक मनोरंजक कार्यक्रम बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाए । शिक्षकों का नृत्य विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण रहा । प्रधानाचार्या महोदया ने प्रेरक संबोधन देते हुए बच्चों को देश की शक्ति बताते हुए बड़े सपने देखने और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और शांति पाठ के साथ हुआ । पूरा समारोह आनंद, उत्साह और प्रेम से भरपूर रहा तथा यह दिन सभी बच्चों के लिए यादगार बन गया ।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

## बाल दिवस समारोह 2025







छात्राओं द्वारा ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति







**शिक्षकों द्वारा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुति**